प्रीलिम्स फैक्ट्स: 17 अप्रैल, 2019

drishtiias.com/hindi/current-affairs-news-analysis-editorials/prelims-facts/17-04-2019/print

विश्व हीमोफीलिया दिवस

प्रत्येक वर्ष 17 अप्रैल को 'विश्व हीमोफीलिया दिवस' (World Hemophilia Day) मनाया जाता है। गौरतलब है कि यह दिवस हीमोफीलिया तथा रक्तस्राव संबंधी अन्य आनुवंशिक विकारों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिये प्रतिवर्ष मनाया जाता है।

- इस वर्ष विश्व हीमोफीलिया दिवस का मुख्य विषय (Theme)- 'Reaching out - connect to your community' है।
- वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ हीमोफीलिया (World Federation of Hemophilia-WFH) के संस्थापक फ्रैंक कैनबेल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 अप्रैल को विश्व हीमोफीलिया दिवस के रूप में मनाया जाता है जिसकी शुरुआत 1989 में की गई थी।
- हीमोफीलिया खून के थक्के बनने की क्षमता को प्रभावित करने वाला एक आनुवंशिक रोग है।
- हीमोफिलिया के तीन रूप हैं: यह ए, बी और सी जीनों में एक दोष के कारण होता है।
- इसके लक्षण तुरंत चिकित्सा सहायता की आवश्यकता को इंगित करते हैं, इनमें गंभीर सिरदर्द, लगातार उल्टी, गर्दन का दर्द, अत्यधिक नींद और चोट से लगातार खून बहना आदि शामिल हैं। हीमोफिलिया लाइलाज़ बीमारी है।
- यह एक आनुवंशिक बीमारी है, जिससे पुरुष पीड़ित होते हैं और महिलाएँ इस बीमारी की वाहक होती हैं। इसमें एक व्यक्ति में 'क्लोटिंग कारक' नामक प्रोटीन के निम्न स्तर होते हैं, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव होता है परिणामस्वरूप रक्त का थक्का नहीं बनता है।

होम एक्सपो इंडिया 2019

'आठवें होम एक्सपो इंडिया, 2019' (HOME EXPO INDIA 2019) का आयोजन ग्रेटर नोयडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट एंड सेंटर में किया जा रहा है।

- इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट्स (Export Promotion Council for Handicrafts -EPCH) द्वारा किया जा रहा है।
- चुनिंदा प्रदर्शक, प्रीमियम उत्पाद और आमंत्रित खरीदार इस वर्ष के होम एक्सपो के मुख्य आकर्षण हैं।
- अंतर्राष्ट्रीय ट्रेंड के अनुसार, सेक्टर विशेष के उत्पादों पर प्रदर्शनी आयोजित करने से खरीदारों की निश्चित आवश्यकताओं पर ध्यान रखना आसान होता है।

- अमेरिका, अर्जेंटीना, ब्राज़ील, कोलंबिया, संयुक्त अरब अमीरात, लेबनान, ईरान, नाइजीरिया समेत 50 से अधिक देशों के खरीदार इस प्रदर्शनी में भाग ले रहे हैं।

एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट्स (EPCH)

- EPCH भारत में हस्तशिल्प के लिये नोडल निर्यात संवर्द्धन निकाय है।
- यह हस्तशिल्प में व्यापार को बढ़ाने के मुख्य उद्देश्य के साथ एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- EPCH भारत की छवि को वैश्विक बाज़ार में एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्त्ता के रूप में पेश करता है।

वयोश्रेष्ठ सम्मान

वयोश्रेष्ठ सम्मान वरिष्ठ नागरिकों की सराहनीय सेवा करने वाले संस्थानों और वरिष्ठ नागरिकों को उनकी उत्तम सेवाओं तथा उपलब्धियों के सम्मान स्वरूप प्रदान किया जाता हैं।

- वर्ष 2013 से 13 विभिन्न श्रेणियों में वयोश्रेष्ठ सम्मान प्रदान किया जाता है।
- वयोश्रेष्ठ सम्मान की स्थापना सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने वर्ष 2005 में की थी और इसे वर्ष 2013 में राष्ट्रीय पुरस्कारों की श्रेणी में लाया गया।
- यह युवा पीढ़ी को समाज और राष्ट्र के निर्माण में बुजुर्गों के योगदान को समझने का अवसर भी प्रदान करता है।
- इस पुरस्कार के लिये भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों और उनके स्वायत्त संगठनों से नामांकन आमंत्रित किये जाते हैं।

रेजिलियंट सिटीज़ एशिया-पैसिफिक (RCAP) कॉन्ग्रेस 2019

हाल ही में नई दिल्ली में चौथी रेजिलियंट सिटीज़ एशिया-पैसिफिक (Resilient Cities Asia-Pacific-RCAP) कॉन्ग्रेस 2019 का आयोजन किया गया।

- इस कॉन्ग्रेस में लगभग 30 देशों के 200 से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।
- जलवायु परिवर्तन और लचीले शहरों के अनुकूलन हेतु रेजिलियंट सिटीज़ एशिया-पैसिफिक (RCAP) एक वार्षिक वैश्विक मंच है। इसकी शुरुआत 2010 में की गई थी।
- इसका आयोजन इंटरनेशनल काउंसिल फॉर लोकल एन्वायरनमेंटल इनिशिएटिव्स (ICLEI)-सस्टेनेबिलिटी हेतु स्थानीय सरकार और साउथ दिल्ली नगर निगम द्वारा 15 से 17 अप्रैल, 2019 तक किया जा रहा है।